कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर (नैनीताल)

CATS Conservation Assured APPROVED

dfo_ramnagar@rediffmail.com दूरभाष/फैक्स नं0 05947–251362

पत्रांकः– 1329/12-1 दिनांक, रामनगर 24/11/2022

सेवा में,

श्री हरीश चन्द्र घिल्डियाल पुत्र श्री महेशानन्द
एग्रो सर्विसेज एण्ड फिलिंग सेन्टर,
रानीखेत रोड, रामनगर
नैनीताल।

विषयः– **जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर में रानीखेत रोड किनारे प्लॉट 08 एवं 09 में श्री हरीश चन्द्र घिल्डियाल पुत्र श्री महेशानन्द की (कृषि सेवा केन्द्र) हेतु 0.025 है0 भूमि के लीज नवीनीकरण के सम्बन्ध में।**

संदर्भः– **आपका पत्र दिनांक रहित पत्र जो इस कार्यालय में दिनांक 15.11.2022 को प्राप्त हुआ।**

उपरोक्त विषयक प्रकरण में अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन संरक्षण एवं नोडल अधिकारी देहरादून के द्वारा अपने पत्र दिनांक 22.06.2022 से लगायी गयी आपत्तियों की क्रम संख्या 2 पर अंकित आपत्ति के क्रम में आप द्वारा अवगत कराया गया है कि सरकार द्वारा एग्रो (कृषि सेवा केन्द्र) का संचालन बन्द कर पेट्रोल पम्प संचालन की संस्तुति की गई थी एवं इस आशय से वन विभाग से अनुमति ली गई थी परन्तु आपके द्वारा अनुमति से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये हैं। आपत्तियों की क्रम संख्या 9 पर अंकित आपत्ति में कृषि सेवा केन्द्र का ले–आउट प्लान व मदवार विवरण प्रस्तुत किया जाना है। परन्तु आपके द्वारा मदवार विवरण प्रस्तुत न करते हुए मात्र ले–आउट प्लान प्रेषित किया गया है। अतः आपत्ति के क्रम में मदवार विवरण प्रस्तुत करते हुए संशोधित प्रतिउत्तर मय मूल संलग्नकों के उपलब्ध करायें। संदर्भित पत्र से प्राप्त प्रतिउत्तर मूल में वापस किया जाता हैं।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(कुन्दन कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर

पत्रांकः– 1327/ तद्दिनांकितः–

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फोरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी को सूचनार्थ प्रेषित।

O/C

(कुन्दन कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर